गंदे पानी की सप्लाई से फैली बीमारी

लाडवा के गांव सूरा में डायरिया से 3 की मौत, 40 बीमार

दिनेश कुमार सैनी/निस
लाडवा, 22 जुलाई

लाडवा के गांव सूरा में गंदे पानी की सप्लाई आने से गांव के करीब 40 लोग डायरिया की चपेट में आ गए हैं। डायरिया(उल्टी दस्त) जैसी बीमारी फैलने से गांव सूरा के 3 लोगों की मौत भी हो गई है। इनमें गांव सूरा की शान्ती देवी (80), सुन्दरी (77) व देशराज (56) शामिल हैं। डायरिया से पीड़ित लोगों का लाडवा के सरकारी अस्पताल व अन्य निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा हैं। डायरिया फैलने से गांव सूरा में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव सूरा में करीब एक महीने में सात लोगों की मौत हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया है कि प्रशासन ने गांव की कई टूटियों के कनेक्शन भी काटे हैं ताकि गंदे पानी की सप्लाई का पता चल सके। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि गांव में गंदे पानी सप्लाई को तुरंत रोका जाए ताकि लोगों की जान बच सके।

लाडवा के गांव सूरा में गंदे पानी की सप्लाई से फैले डायरिया बारे जानकारी देते ग्रामीण। -निस

उबाल कर पानी पीने की सलाह

लाडवा के सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि यह बीमारी गंदे पानी की वजह से फैल रही है। गांव के लोग साफ-सुथरा पानी पिएं और पानी को उबालकर ठंडा कर पियें। वहीं, वाटर सप्लाई कर्मचारियों का कहना है कि वे शुद्ध पानी की सप्लाई करने में जुटे हैं।

चुनौतियों का डटकर सामना करने से बनता है इतिहास : चौहान

- पंचायती राज संस्थाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न
- आत्मनिर्भर और उन्नत भारत के निर्माण के लिए और अधिक प्रभावी भूमिका अदा करने पर जोर

नीलोखेड़ी, 22 जुलाई (निस)

आत्मनिर्भर और उन्नत भारत के निर्माण के लिए पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक प्रभावी भूमिका अदा करनी होगी। अपने दायित्व और अधिकारों के प्रति जागरूक जनप्रतिनिधि ही इस कार्य को बेहतर ढंग से अंजाम दे सकते हैं। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने आज यहां मूनक और राई विकास खंड के पंचायत समिति सदस्यों और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय रिफ्रेशर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के रूबरू हुए। कार्यक्रम के अध्यक्षता राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ. सोनिका भट्टी ने की।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ऐसा नहीं कि जनप्रतिनिधियों के सामने चुनौतियां और समस्याएं नहीं हैं मगर जहां एक रास्ता चुनौतियों को निराशा का आधार बनाकर उनके सामने घुटने टेकना है वहीं इतिहास जनप्रतिनिधि बना रहे हैं जो चुनौतियों को खुली सोच और प्रयोग धर्मिता के दम पर सीधी चुनौती दे रहे हैं।

प्रधानाचार्य डॉ. सोनिका भट्टी ने प्रशिक्षु जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करने के लिए हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का आभार जताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण समाप्त करके जाने के बाद भी प्रशिक्षु जनप्रतिनिधियों और संस्थान के प्रशिक्षकों के बीच एक सजीव संबंध कायम रहेगा।

इस मौके पर सहायक प्रो संदीप भारद्वाज, लेक्चरर वीरेंद्र ग्रेवाल, लेक्चरर डिंपी मल्होत्रा, संजीत कुमार, आशीष कुमार, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, लखविंदर कुमार और देशराज भी मौजूद रहे।

विकास कार्यों में अनियमितता की जांच के लिए पंचकूला से पहुंची टीम

उकलाना मंडी, 22 जुलाई (निस)

उकलाना में विकास कार्यों में हुई कथित धांधली की नगर पालिका के पार्षद अरुण गोयल द्वारा शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल को दी शिकायत के आधार पर शहरी निकाय मुख्यालय पंचकूला से कार्यकारी अभियंता आनंद अग्रवाल एवं कनिष्ठ अभियंता अनूप जांच के लिए पहुंचे। आनंद अग्रवाल ने पुरानी अनाज मंडी में बने मास्कटिक रोड का निरीक्षण किया और पांच स्थानों से सैंपल भी लिए। इन सैंपलों में 14 से 23 एमएम तक इसकी मोटाई मिली जिसके सैंपल भी लिए गए जबकि कहीं भी कोई लेवल दिखाई नहीं दिया। वहीं अनेक स्थानों से मास्केटिक रोड क्रेक हुआ मिला। अपरोच रोड पर सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। इसमें पत्थर की बजाय अधिक मलबा मिला। इसके अतिरिक्त जांच अधिकारी कार्यकारी अभियंता आनंद अग्रवाल ने चर्चित एक स्वागत द्वार का निरीक्षण भी किया वहां कोई सैंपल आदि नहीं लिया गया। उस उपरांत नगर पालिका से कुछ दस्तावेजों की भी जांच की। इस जांच के दौरान तत्कालीन मास्कटिक रोड के पालिका अभियंता खेमचंद अपरोच रोड एवं महाराजा स्वागत द्वार के पालिका अभियंता अमित बेरवाल एवं मौजूदा पालिका अभियंता सुनील लांबा, कनिष्ठ अभियंता नवदीप निरीक्षण में मौजूद रहे।

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
CIN:U67100TZ2014PTC020363
कार्पोरेट कार्यालय : कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एन.सी.केलकर मार्ग, आर.जी.गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028 ई मेल: mumbai@omkaraarc.com मोबाइल : +91 8976870980

[परिशिष्ट-IV-A] [नियम 9 (1) के साथ पढ़े जाने वाले नियम 8(6) की व्यवस्था देखें]

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''SARFAESI अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को बंधक/भारित है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इसके अलावा ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओमकारा पीएस 26/2024-25 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए) ने एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड (असाइनर) से दिनांक 27.03.2025 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के जरिये नीचे दिए गये खातों के संपूर्ण बकाया ऋणों को असाइनर से अंतर्निहित सुरक्षा के साथ हासिल कर लिया है। तदनुसार OARPL ने असाइनर की भूमिका निभाई और बकाया राशि वसूलने और सुरक्षा को लागू करने के लिए सशक्त बनाया है। OARPL के अधिकृत अधिकारी ने बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को बेचने का इरादा किया है और इसलिए सुरक्षित संपत्तियों की खरीद के लिए सीलबंद लिफाफे में निविदाएं/बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। संपत्तियां SARFAESI अधिनियम की धारा 13(2) और (4) के प्रावधानों के तहत अधिकारों और शक्तियों का प्रयोग करते हुए ''जहां है जैसी है'', ''जो है जैसी है'', ''जो कुछ भी है'' और ''बिना किसी सहारे के'' के आधार पर संबंधित ऋणी और सह-ऋणी (यों) से सुरक्षित ऋणदाता के रूप में OARPL को देय राशि की वसूली हेतु बेची जाएगी। ऋणी (यों)/गारंटर/बंधककर्ताओं, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए डिमांड नोटिस की तिथि का विवरण आरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि राशि, बयाना राशि जमा (EMD), निरीक्षण की तिथि और समय निम्नानुसार है:-

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता का नाम : जय महालक्ष्मी इंडस्ट्रीज (उधारकर्ता), 1. नवीन सहगल (सह-उधारकर्ता), 2. रजनी सहगल (सह-उधारकर्ता), 3. लक्ष्मण प्रसाद सहगल (सह-उधारकर्ता)		
सुरक्षित संपत्ति का विवरण : संपत्ति संख्या 417 (पटवारी पत्र के अनुसार) भूमि क्षेत्र 60 वर्ग गज, खेवट/खसरा संख्या 8/45/25, सारन, फरीदाबाद, हरियाणा-121001 में से		
संपत्ति के मालिक : नवीन सहगल		
डिमांड नोटिस की तिथि और राशि : रु. 23,77,979/- (केवल तेईस लाख सतहत्तर हजार नौ सौ उनासी रुपये) 14 मार्च, 2024 तक देय और भुगतान योग्य		
आरक्षित मूल्य : 20,08,000/- रुपये	**ईएमडी : रु. 2,00,800**	**बोली वृद्धि राशि : रु. 20,000/-**
निरीक्षण की तिथि एवं समय : दिनाक : 20.08.2025, समय: दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक (दोपहर)		
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : 26.08.2025 दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक (दोपहर)		
भागीदारी हेतु बोली पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी का प्रमाण प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय : 25.08.2025 शाम 6:00 बजे तक		

नीलामी के नियम और शर्तें:
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **http://omkaraarc.com/auction.php** पर दिए गए लिंक पर जाएं। नीलामी OARPL के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। बोली जमा करने की अंतिम तिथि (ऑनलाइन और हार्ड कॉपी में) ईएमडी (मूल रूप में डीडी/पे-ऑर्डर या एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से प्रेषण) के साथ जमा करने की अंतिम तिथि **25.08.2025 शाम 6:00 बजे** तक है। जिन इच्छुक बोलीदाताओं ने ईएमडी जमा कर जमा कर दी है और लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता चाहते हैं, वे ई-नीलामी सेवाप्रदाता **"मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड" से संपर्क कर सकते हैं. दूरभाष: +91-7291981124/25/26, हेल्पलाइन ई-मेल आईडी: support@bankeauctions.com और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए प्राधिकृत अधिकारी, श्री स्वप्निल प्रधान, मोबाइल: +91 8976870980 मेल: swapnil.pradhan@omkaraarc.com**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत बिक्री हेतु वैधानिक सूचना
यह नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत, उपरोक्त ऋण खाते के ऋणी(कों) और सह-ऋणी(कों) के लिए कम से कम 30 (तीस) दिनों का एक अनिवार्य नोटिस है, जिसमें उन्हें उपरोक्त तिथि और समय पर ई-नीलामी के माध्यम से नीलामी/बिक्री के आयोजन की सूचना दी जाती है और यह सलाह दी जाती है कि यदि वे चाहें तो, ऊपर उल्लिखित बकाया राशि, अतिरिक्त ब्याज और सभी लागतों एवं खर्चों का भुगतान करके आस्तियों को छुड़ा लें। भुगतान में चूक की स्थिति में, प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति ऋणदाता के विवेकानुसार, संपत्ति को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) में निर्धारित किसी भी तरीके से बेचा जा सकेगा।

हस्ता./-
दिनांक : 23.07.2025 — अधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लिमि.
स्थान : फरीदाबाद — DI-10121 — ओमकारा पीएस 26/2024-25 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए)।

नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया चिल्ड्रन पार्क का निरीक्षण

कैथल, 22 जुलाई (हप्र)

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने सोमवार को चिल्ड्रन पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क में सैर करने वाले लोगों की समस्याएं सुनते हुए उनका समाधान किया। पार्क में घूमने के लिए आई महिलाओं ने चेयरपर्सन सुरभि गर्ग को बताया कि शौचालयों में सफाई कम होती है, पानी की भी कमी है। चेयरपर्सन ने मौके पर ही नगर परिषद के एक्सईएन को निर्देश दिए कि शौचालयों की देखरेख के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किया जाए। तालाब में भी गंदगी फैली हुई थी। इसके लिए चेयरपर्सन ने बताया कि तालाब की सफाई और साफ पानी भरने को लेकर टेंडर लगा दिया गया है। इस कार्य पर करीब 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

इस मौके पर सुमित गर्ग, राज सैनी, विरेंद्र बतरा, प्रवेश शर्मा, रिंकू सैनी, पार्षद लीलू सैनी, गोपाल सैनी, बलराज, राजेश, सुरेश भी मौजूद थे।

बेसहारा पशु मुक्त होगा शहर

चेयरपर्सन ने बताया कि नप की तरफ से बेसहारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में छोड़ा जा रहा है। जल्द ही शहर को बेसहारा पशु मुक्त कर दिया जाएगा। जींद रोड पर छह एकड़ में नई गौशाला बनाई गई है। गौवंश को सड़कों से हटाने का कार्य नियमित रूप से चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

विधायक आदित्य सुरजेवाला को शहर से कोई सरोकार नहीं

चेयरपर्सन ने कहा कि कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला को लेकर शहर से कोई सरोकार नहीं है। विधायक के पिता रणदीप सुरजेवाला दिल्ली ही रहते हैं, जो मुरथल ढाबे पर खाना खाते हैं। उन्होंने कैथल को मुरथल बना दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ठीक ही कहते हैं कि सुरजेवाला ट्वीट के नेता हैं।

स्टेडियम के निर्माण में अनियमितता, नपा चेयरपर्सन ने जताई नाराजगी

मापदंडों के अनुसार काम न हुआ तो ठेकेदार पर होगी कार्रवाई : रेखा रानी

गुहला चीका, 22 जुलाई (निस)

चीका में निर्माणाधीन स्टेडियम में ठेकेदार व अधिकारियों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ठेकेदार निर्माण में घटिया स्तर की टाइलें लगाकर एक तरफ जहां सरकार को चूना लगा रहा है वहीं, दूसरी तरफ युवाओं के भविष्य से भी खिलवाड़ कर रहा है। इस निर्माणाधीन स्टेडियम का आज निरीक्षण करने पहुंची नगरपालिका चीका की चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी ने निर्माण सामग्री को घटिया बताते हुए कड़ा एतराज जताया।

चेयरपर्सन ने ठेकेदार व अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए टाइलों को उखाड़कर दोबारा से लगाने के निर्देश दिए। चेयरपर्सन ने मौके पर पत्रकारों को बताया कि ठेकेदार द्वारा स्टेडियम की छत पर जो टाइलें लगाई जा रही है वे बहुत निम्न स्तर की हैं और ये लंबे समय तक नहीं टिक पाएंगी।

चेयरपर्सन ने कहा कि उन्होंने ठेकेदार को स्पष्ट बता दिया है कि यदि निर्माण कार्य सरकारी मापदंडों के अनुसार नहीं हुआ तो नगरपालिका भुगतान तो रोकेगी ही साथ ही ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करवाएगी। चेयरपर्सन ने बताया कि इस स्टेडियम की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2017 में की थी। इसे वर्ष 2022 तक पूरा किया जाना था। रेखा रानी ने बताया कि उन्होंने 2022 में कुर्सी संभालने के बाद ठेकेदार को चार बार नोटिस देकर इसका निर्माण कार्य शुरू करवाया था।

उन्होंने बताया कि स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए अब ठेकेदार को 25 सितंबर 2025 तक की डेड लाइन दी गई है यदि ठेकेदार निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा नहीं करता तो उसे पेनल्टी देनी होगी। इस मौके पर उनके साथ पार्षद सुभाष, सुशील कुमार भी मौजूद रहे।

खबर है...

धोखाधड़ी : क्रेडिट कार्डों से उड़ाये 76 हजार

शाहाबाद मारकंडा (निस) : साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करके एक व्यक्ति के खाते से 76 हजार 348 रुपए उड़ा लिए हैं। पुलिस को दी शिकायत में कृष्णा विहार न्यू माडल टाउन निवासी रवनीश कुमार ने कहा कि उसके पास एचडीएफसी बैंक का फ्रीडम क्रैडिट कार्ड व टाटा न्यू क्रैडिट कार्ड है। पिछले दिनों वह अपनी पत्नी को मोहाली एयरपोर्ट पर छोड़कर वापस शाहाबाद आ रहा था। तभी उसके बेटे गीतांश का फोन तरसेम लाल के फोन पर आया और कहा कि आपका फोन हैक हो गया है। आप अपना फोन जल्द से फोरमट कर दो। उसने अंबाला पहुंचकर एक दुकान से अपना फोन फोरमट करवाया। इसके बाद उसने अपने अकाउंट को बंद करवाने के लिए एचडीएफसी के कस्टमर केयर पर फोन किया तो पता चला कि उसके दोनों खातों से विभिन्न चरणों में 76 हजार 348 रुपए की साइबर ठगी हो गई है।

सोनीपत के युवक ने उठायी विधायक के नाम की कांवड़

उचाना (निस) : सावन के पवित्र महीने में कांवड़ यात्रा का सिलसिला जारी है। सोनीपत के युवक सुनील ने उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री के नाम की कांवड़ उठाई है। उन्होंने 17 जुलाई को हरिद्वार से यह कांवड़ यात्रा शुरू की। सुनील 23 जुलाई को विधायक देवेंद्र अत्री के साथ जल चढ़ाएंगे।

विधायक देवेंद्र अत्री और उनके पिता की फोटो लगाकर कांवड़ लाता सोनीपत का सुनील। -निस

शाहाबाद में मनोनीत पार्षदों का अभिनंदन

शाहाबाद में मंगलवार को मनोनीत पार्षदों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी व सुभाष कलसाना। -निस

शाहाबाद मारकंडा (निस) : शाहाबाद की नगरपालिका में मंगलवार को हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत किये गये पार्षदों दीपक आनंद और मुलख राज गुंबर का नगरपालिका में भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी और वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सुभाष कलसाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और मनोनीत पार्षदों दीपक आनंद व मुलख राज गुंबर को शहर के सर्वांगीण विकास में सहयोग देने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर नगरपालिका प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा विशेष रूप से मौजूद रहे। तेजिन्द्र सिंह गोल्डी व सुभाष कलसाना ने कहा कि शहर के विकास सुदृढ़ करने के लिए नगरपालिका बोर्ड तालमेल बनाकर चले और सभी वार्डों को समान विकास सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में दीपक आनंद और मुलख राज गुंबर ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें हरियाणा सरकार की ओर से सौंपी गई है उसे वे निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

जत्थेदार झींडा ने भंग की सभी सब कमेटियां

कुरुक्षेत्र, 22 जुलाई (हप्र)

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की सभी सब कमेटियों को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही संस्था द्वारा बनाए गए अलग-अलग विभागों के चेयरमैन की नियुक्तियां भी रद्द कर दी गई हैं। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने दी। जत्थेदार झींडा ने बताया कि कुछ सब कमेटियां गठित करने के साथ-साथ अलग-अलग विभागों के चेयरमैन नियुक्त किए गए थे। मगर कुछ सदस्य इस मामले को लेकर नाराजगी जता रहे हैं व अब गुरुद्वारा ज्यूडिशियल कमीशन में जाने की तैयारी कर रहे हैं। इसलिए संस्था के सदस्यों की सहमति न बनने पर उन्होंने कुछ वरिष्ठ सदस्यों से विचार-विमर्श करने के बाद सभी सब कमेटियों को भंग कर दिया है। अब सब कमेटियों का गठन जनरल हॉउस की सहमति पर ही किया जाएगा।

11 पशु चिकित्सा संस्थानों का 7.54 करोड़ से हो रहा कायाकल्प : कैलाश सैनी

लाडवा, 22 जुलाई (निस)

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के चहुंमुखी विकास के प्रति गंभीर है। मुख्यमंत्री द्वारा लाडवा विधानसभा के 11 पशु चिकित्सा संस्थानों में 7 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत से पशु अस्पतालों के भवनों का नव-निर्माण व सौंदर्यीकरण किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव बिहोली में 4 करोड़ 67 लाख की लागत से राजकीय पशु चिकित्सा पॉलिक्लीनिक खेला गया है जिसमें पशुओं के इलाज के लिए ऑपरेशन थिएटर, लैबोरेट्री, अल्ट्रासाउंड के साथ एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध करवाई गई हैं। बिहोली में पशुओं की माइनर ऑपरेशन, गायनी व सर्जरी के ऑपरेशन शुरू हो चुके हैं। लैबोरेट्री में खून, मल मूत्र व दूध के सेंपलों का टेस्ट भी किया जा रहा हैं। बिहोली पॉलिक्लीनिक में एक्सपर्ट डॉक्टरों की भी तैनाती की गई है और जल्द ही एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड भी स्थापित किए जाएंगे। आधुनिक तकनीक से लैस पॉलिक्लीनिक से लाडवा के साथ-साथ पूरे कुरुक्षेत्र और आसपास के जिलों को भी लाभ हो रहा है।

सैनी राजकीय पशु औषधालय बीड कालवा व जालखेड़ी का दौरा करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मिड डे मील वर्कर्स ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

नारायणगढ़, 22 जुलाई (निस)

मिड डे मील वर्कर्स पूरे प्रदेश में सत्ता पक्ष व विपक्ष के विधायकों के घर-घर जाकर अपनी मांगों बारे ज्ञापन दे रही हैं। इसी कड़ी में मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के नेताओं राज कुमारी, कविता, सोनिया, किरण, नाजरा, प्रोमिला, सुषमा, सुनीता, नीलम, सोमी व अन्य वर्कर्स ने हलका नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी के नारायणगढ़ स्थित निवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा। हलका विधायक से भी अपील की गई कि वह मिड डे मील वर्कर्स की मांगों को लागू करवाने के लिए सरकार से बात करें। वर्कर्स की मांगों को विधानसभा में उठाएं ताकि हमारी आवाज इस गूंगी बहरी सरकार तक पहुंच सके।

यूनियन नेता राज कुमारी ने बताया कि ज्ञापन में कहा गया कि वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर सरकार से कई बार अपील कर चुकी हैं परन्तु सरकार मौन धारण करके बैठी है। इसलिए यूनियन के सदस्य अपनी मांगों को लेकर 3 अगस्त को शिक्षा मंत्री के पानीपत निवास पर प्रदर्शन करेंगी।